हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, अप्रैल 9, 2025

तापमान
अधिकतम 42.8 डिग्री
न्यूनतम 25.1 डिग्री

11 मेयर राजीव जैन ने अनाज मंडी का दौरा किया



12 मेडिकल करवाने आई युवती सीएमओ के सामने रोने लगी



## खबर संक्षेप

### पुगथला में उप स्वास्थ्य केंद्र का सामान चुराया

**गन्नौर।** पुगथला उप स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़ हजारों का सामान चोरी कर ले गए। केंद्र में तैनात एमपीएचडब्लू ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में खेड़ी गुज्जर गांव के शिव कुमार ने बताया कि वह पुगथला उप स्वास्थ्य केंद्र में एमपीएचडब्लू के पद पर कार्यरत हैं। 7 अप्रेल की सुबह जब वह ड्यूटी पर आया तो उसने देखा कि केंद्र के गेट की कुंडी टूटी हुई थी। उसने अंदर जा कर देखा तो वहां से डबल बैटरी का इन्वर्टर, एलसीडी, डीवीआर, वेट मशीन, बीपी आपरेटर मशीन, डेथ रजिस्टर गायब थे। पुलिस ने शिव कुमार की शिकायत अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी में संलिप्त आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने बाइक चोरी में संलिप्त गांव मदीना के साहिल को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गन्नौर में रहने वाला मोहित अप्रैल 2023 में गांव खानपुर कलां स्थित मेडिकल कालेज के अस्पताल में पत्नी को उपचार कराने लगाया था। उसने बाइक पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह पत्नी को दाखिल कराकर बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। पुलिस ने आरोपित साहिल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित से बाइक बरामद की गई।

### कमरे में बंद करके पीटा धमकी देकर छोड़ा

**गोहाना।** सदर थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने पति पर उसे कमरे में बंद करके लोहे की राड से पीटने का आरोप लगाया। शोर मचाने पर पड़ोसी पहुंचे तो उसे धमकी देकर छोड़ दिया। उसने इसराना स्थित एनसी मेडिकल कालेज में पहुंचकर उपचार कराया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को घर पर काम कर रही थी। उसी समय पति प्रदीप आया और उसे कमरे में बंद करके लोहे की राड से मारने लगा। वह कहने लगा तेरे पास मोबाइल है, जो उसे दे। महिला ने कहा कि उसके पास मोबाइल नहीं है। उससे मारपीट की गई। शोर सुनकर पड़ोसी आए तो पति ने उसे धमकी देकर छोड़ दिया।

### जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा ट्रैक्टर-ट्राली

**सोनीपत।** जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अवध खनन के संबंध में गांव पबनेरा में युमना नदी से पूर्व में पकड़े गए ट्रेक्टर-ट्राली जो कि संदीप पूत्र सूरजभान गांव पबनेरा के नाम पर दर्ज है। उनसे 2 लाख 15 हजार रूपये जुर्माना वसुलने के बाद ट्रेक्टर-ट्राली को छोड़ा गया। जुर्माना राशि को सरकारी खजाने में जमा करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर किसी नागरिक को अवैध खनन के बारे में जानकारी मिलती है तो वह इसकी सूचना खनन विभाग कार्यालय में दे सकता है।

### 9 लाख की ठगी में दो महिला गिरफ्तार

**गोहाना।** शहर थाना गोहाना की पुलिस ने ज्यादा मुनाफे का लालच देकर सेवानिवृत्त अधिकारी से नौ लाख रुपये की ठगी में संलिप्त दो महिला आरोपितों को गिरफ्तार किया। आदर्श नगर में रहने वाले सुभाष चंद्र रोडवेज विभाग से उप निरीक्षक से पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने नौ जुलाई 2024 को पुलिस को शिकायत दी थी कि उनकी कालोनी में रहने वाली महिला और उसके बेटे दीपक ने उससे नौ लाख रुपये उधर लिए थे। उससे कहा गया था कि कपड़े की दुकान खोली जाएगी और जो मुनाफा होगा उसका हिस्सा दे दिया जाएगा। उससे रुपये अगस्त 2022 में लिए थे। आरोपित महिला ने न तो पैसे दिए और न ही किसी तरह का हिस्सा दिया। बाद में रुपये मांगने पर महिला झगड़ा करने लगी। पंचायती तौर पर 60 हजार रुपये देने का समझौता हुआ।

## राठधना रोड पर स्थित एक्सप्रेस सिटी में दर्दनाक हादसा, फैली सनसनी

# सफाई करने सीवर के मैनहॉल में उतरे दो मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आए, दोनों की जान गई

- सीवर सफाई का काम करते थे उत्तर प्रदेश के अभिषेक और छत्तीसगढ़ के रहने वाले शैलेंद्र
- आज करवाया जाएगा दोनों का पोस्टमार्टम, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र के गांव राठधाना रोड पर स्थित एक्सप्रेस सिटी में उस समय सनसनी फैल गई, जब सीवर के मेनहोल की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सोनीपत के शवगृह में रखवाया है। देर शाम तक परिजनों के बयान दर्ज नहीं हुए है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश का रहने वाला अभिषेक (25)और छत्तीसगढ़ का रहने वाला शैलेंद्र उर्फ पिंटू (25)सोनीपत के आसपास के इलाके में सीवर सफाई का काम करते थे। मंगलवार को राठधाना रोड पर स्थित एक्सप्रेस सिटी में सीवर सफाई का काम उन्हें मिल गया। दोनों जब सीवर की सफाई करने पहुंचे तो पहले अभिषेक मेन होल में सफाई के उतर गया और उसके बाद पिंटू ने देख कि अभिषेक बाहर नहीं आया तो वह भी सीवर में उतर गया। दोनों सीवर में बनी जहरीली गैस की भेंट चढ़ गए। जिसके चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के कर्मचारियों ने दोनों को बाहर निकाला। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। बुधवार को शवों का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।





सोनीपत। मृतक अभिषेक और शैलेंद्र के फाइल फोटो।



सोनीपत। घटनास्थल पर मौजूद परिजन।



घटनास्थल पर पड़ा मजदूरों का सामान।



सोनीपत। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी व अधिकारीगण।

### एसीपी मौके पहुंचें पर टीम ने जुटाए सबूत

घटना के बाद एसीपी राजपाल सिंह व सेक्टर-27 थाना प्रभारी सवित कुमार मौके पर पहुंचे और सबूत जुटाए। पुलिस की प्राथमिक जांच में वहां सुरक्षा के बेहतर उपकरण नहीं मिलने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मृतक अभिषेक की पत्नी रूबी के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जांच में होगा खुलासा

सीवर सफाई के दौरान जान गंवाने वाले दो युवकों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जिसके बाद पुलिस विसरा जांच करा सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अक्सर बंद सीवर में कचरे के सड़ने से हाइड्रोजन सल्फाइड, मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड, अमोनिया, सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्स ऑक्साइड जैसी गैस बन जाती है। सीवर में उतरने के बाद दोनों युवक जहरीली गैस के संपर्क में आकर बेसुध हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई। हालांकि मौत के असल कारणों का पता विसरा रिपोर्ट के बाद लग सकेगा।

### कार्रवाई होगी

सीवर की सफाई के दौरान दो मजदूरों की मौत की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे है। परिजनों के बयान के आधार पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। *-सवित कुमार, प्रभारी सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत।*

### अवैध हथियार सहित एक पकड़ा, अदालत में पेश

**सोनीपत।** जिले की स्पेशल एंटी गैंग्स्टर यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप उर्फ संजू निवासी गांव नाहरा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिपाही महिपाल ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गेटवे स्कूल के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक हथियार सहित आने की सूचना मिली। टीम ने छापेमारी करते हुए युवक को काबू कर लिया। उसके पास से अवैध देशी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए। पुलिस ने इस संबंध में सेक्टर-27 थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी अजीत की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को अदालत में पेश किया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटा घायल

**खरखौदा।** सोनीपत बाईपास चौक पर हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल पर जा रहे मां-बेटा घायल हो गए। आसन गांव के सोमपाल का कहना है कि वह रोहिणी में रहता है। वह अपनी मां को बाइक पर बैठाकर गांव जा रहा था। जब वह खरखौदा के सोनीपत बाईपास चौक पर पहुंचा तो कार चालक ने तेज रफ्तार से आकर उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## सोनीपत में लू का कहर, दो दिन बेहद गर्मी के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के ताज़ा पूर्वानुमान के अनुसार, हरियाणा के पश्चिमी और दक्षिणी भागों में 8 और 9 अप्रैल को लू से लेकर अत्यधिक लू की स्थिति बन सकती है, जिनमें सोनीपत भी शामिल है। अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने साफ किया है कि आगामी दो दिनों तक शुष्क मौसम बना रहेगा, जिससे तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसके बाद 2-4 डिग्री की गिरावट संभव है, लेकिन फिलहाल गर्मी से राहत मिलना मुश्किल दिख रहा है। ऐसे में विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार की गर्मी से नवजात शिशु, बुजुर्ग, और पूर्व से बीमार चल रहे लोग अधिक प्रभावित हो सकते हैं। लू के प्रकोप से बचाव के लिए छतरी या टोपी का प्रयोग करने, हल्के व सूती कपड़े पहनने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, खेतों में काम करने वाले किसानों को भी सुबह या शाम के समय ही सिंचाई करने को कहा गया है ताकि फसलें गर्मी के दुष्प्रभाव से बच सकें। मौसम विभाग के अनुसार, 10 और 11 अप्रैल को प्रदेश में कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे आंशिक राहत मिल सकती है। हालांकि, तब तक नागरिकों को सतर्क रहने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की आवश्यकता है।

**सावधानियां और सुझाव**

- दोपहर 12 से 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें।
- अधिक मात्रा में पानी और तरल पदार्थ जैसे नींबू पानी, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें।
- हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें और सिर को कपड़े, टोपी या छतरी से ढक कर रखें।

**संभावित राहत**

10 और 11 अप्रैल के दौरान हरियाणा के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिसमें सोनीपत जिले के भी कुछ क्षेत्र शामिल हो सकते हैं। इस दौरान गरज-चमक और 30–40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

### पिकअप में शराब की 200 पेटियां मिली पुलिस ने कब्जे में ली

**गोहाना।** क्राइम इंवेस्टिेशन एजेंसी की गोहाना टीम ने गांव बीधल से एक पिकअप को कब्जे में लिया, जिसमें अवैध शराब की 200 पेटियां भरी गई थी। पिकअप को गांव में एक निजी स्कूल के पास खड़ा किया गया था। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां मालिक और चालक नहीं मिले। ई-चालान मशीन से पिकअप के मालिक का पता लगाया गया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार पुलिस टीम के साथ गांव बड़ौता के निकट गश्त कर रहे थे। अज्ञात व्यक्ति ने सूचना दी कि गांव बीधल में श्री बालाजी पब्लिक स्कूल के सामने डिस्पेंसरी की दीवार के पास एक पिकअप खड़ी है जिसमें अवैध शराब है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो वहां पिकअप खड़ी मिली लेकिन वहां चालक या गाड़ी का मालिक नहीं था। पिकअप की जांच की तो उसके अंदर 200 पेटियां अवैध शराब मिली। पेटियों में पव्वे भरे गए थे। ई-चालान मशीन में गाड़ी का नंबर डालकर मालिक का पता किया गया। पिकअप गांव गुमड़ के प्रदीप के नाम पंजीकृत है। संपर्क करने पर मोबाइल बंद मिला।

- क्राइम इंवेस्टिेशन एजेंसी की गोहाना टीम ने गांव बीधल के पास से पकड़ी

## केंद्र की टीम ने किया क्रेच सेंटरों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल के लिए शुरू की गई राष्ट्रीय क्रेच (शिशुगृह) योजना को अंतर्गत महिला और बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की टीम ने मंगलवार को जिला में स्थित क्रेच सेंटरों (शिशुगृह) व प्ले स्कूल/आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां पर बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस टीम में महिला और बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ० प्रीत्तम यशवंत व उप-सचिव अभिषेक आंनद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने न्यू जीवन नगर, विशाल नगर, पुलिस लाईन, गांव बढ़ मलिक स्थित क्रेच सेंटरों का दौरा किया और वहां पर मौजूद स्टॉफ से बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बारिकी से पूछताछ की। उहोंने क्रेंच सेंटर में कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे बच्चों की अच्छी देखभाल करने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। संयुक्त सचिव डॉ. प्रीत्तम यशवंत ने बताया कि केन्द्र सरकार ने कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल करने व उनको सुरक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय क्रेच (शिशुगृह) योजना की शुरूआत की थी। इन क्रेच सेंटरों में बच्चों की देखभाल के लिए एक सुरक्षित और अच्छी जगह प्रदान की जाती है ताकि कामकाजी महिलाएं बिना किसी चिंता के काम कर सके।



सोनीपत। निरीक्षण के लिये पहुंचें अधिकारीगण।

### व्यवस्था सुदृढ़ हो

डॉ. प्रीत्तम यशवंत ने बताया कि कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए बनाए गए इन क्रेच सेंटर में 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को एडमिशन दिया जाता है। हमारा प्रयास है कि क्रेच की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ हों, ताकि कामकाजी महिलाओं को अपने बच्चों की देखभाल के लिए बेहतरीन सुविधा मिल सके। महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा की संयुक्त निदेशक पूनम रमन ने बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने राष्ट्रीय क्रेच (शिशुगृह) योजना को प्रदेश में लागू किया।

## दुकान से सामान चोरी, सीसीटीवी में कैद

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी के पास स्थित दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी व सिगरेट के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से चोर की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव जांटी कलां निवासी नवीन कुमार ने बताया उसकी प्याऊ के पास थाने वाली गली में के सामने किराना की दुकान है। शाम को वह रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा, तो ताले टूटे हुए और दुकान का शटर आधा खुला मिला। जब उसने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो गल्ले में रखे 22 हजार रुपये और सिगरेट के 15 पैकेट गायब थे। सीसीटीवी की जांच की तो एक युवक दुकान में घुसा दिखा।



### खेत में बने कमरे से सामान चुराया

**गोहाना।** गांव कोहला के संदीप के खेत में बने कमरे से सामान चोरी कर लिया गया। उसकी शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। संदीप ने पुलिस को बताया कि वह खेती करता है और खेत में कमरा बना रखा है। वह सोमवार को खेत में गया तो कमरे का ताला टूटा मिला। कमरे से दो मोटर, बैट्री, तीन बंडल कटीले तार, एसी, हांडी व अन्य सामान नहीं मिला।

## सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी पर सख्त हुई पुलिस की कार्रवाई

# तीन स्कूल बसों के चालान काटे, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मंगलवार की दोपहर को जी टी रोड चौकी प्रभारी एसआई ओमप्रकाश के नेतृत्व में सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी व सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना करने वाले 3 प्राईवेट स्कूल बसो सहित दर्जन वाहन चालकों के चालान किए। वहीं अभिभावकों ने स्कूल बस में नियमों की अवहेलना करने पर चालान करने पर सराहना की। पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान सिपाही प्रदीप राठी के साथ टीम ने वाहन चालकों को पकड़ने का अभियान चलाया। अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालक चालान की कार्रवाई के दौरान इधर-उधर से भागते नजर आए। चौकी प्रभारी ओमप्रकाश ने चेताया कि अगर स्कूल बस चालक सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना कर बच्चों को स्कूल लेकर जाते है तो सख्त कार्रवाई होगी। वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करे। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि आज प्राईवेट स्कूलों की तीन बसों के चालान किए है। उनमें बस चालक बिना वर्दी व सीट बैल्ट नही लगाए हुए थे। इसके अलावा बस चालकों के लाईसैंस की भी जांच की है। उनमें से एक के पास लाईसैंस भी नही मिला। उन्होंने चेताया कि स्कूल बसों के चालक भविष्य में अगर कोई गलती करते है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा दुपहिया वाहन चालक भी अगर बिना हैलमेट व अन्य कोई कमी करते मिला तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से एक तो आपके जीवन की रक्षा के साथ स्कूल आने वाले छात्रों की भी सुरक्षा होती है। स्कूल बस में अभिभावक अपने बच्चों को स्कूलों में आपके भरोसे भेजते है। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है।



गन्नौर। बस का चालान के बाद चालक को चालान देते कांस्टेबल प्रदीप राठी।

### चेकिंग के के बाद भी बसों में कोताही

पुलिस द्वारा स्कूल बसों की पिछल्ले दिनों स्कूलों में जाकर स्कूल वाहन पालिसी की जांच व जागरूकता के बाद भी स्कूल बसों में कोताही मिली। बस के चालक भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन की अवेहलना करते मिले। एसआई ओम प्रकाश ने चेताया कि स्कूल बसों के साथ वाहनों की चौकिंग का अभियान जारी रहेगा।

## गढ़ी ब्रह्मणान व देवडू में अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा



सोनीपत। अवैध निर्माण को तोड़ते हुए जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को गांव गढ़ी ब्रह्मणान व देवडू में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई की। इस दौरान गढ़ी ब्राह्मणान में शंभूदयाल स्कूल के निकट 1.5 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बने रास्ते, सीवरेज सिस्टम, 7 डीपीसी तथा 2 निर्माणाधीन भवन को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा गांव देवडू की राजस्व संपदा में ऋषिकूल सकूल के पास स्थित 6 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में कच्चे रास्तों, 10 डीपीसी तथा एक निर्माणाधीन गोदाम को ध्वस्त किया गया।



# जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

## लाइफ Style



# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंग: इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।


उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।




# आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



# नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



# 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

## टीवी मसाला



# कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमों में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल



मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'

# 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

# इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट*



*उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*

### इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ़िल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ़िल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

## अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

# इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल

*__नई दिल्ली।__ किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि,



ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।

**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू: पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### सीखने के लिए कक्षा प्रबंधन आवश्यक

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में इन हाउस चार दिवसीय कार्यशाला के चौथे और अंतिम दिन कक्षा प्रबंधन विषय पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य वक्ता चंचल शर्मा ने कक्षा प्रबंधन की आवश्यकता और उसके त्रिकोण पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी प्रबंधक नीरज शर्मा और निर्देशिका रीमा शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में चंचल शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा किचाहे शिक्षक छात्रों के साथ व्यक्तिगत रूप से या दूरस्थ रूप से काम कर रहे हों, कक्षा प्रबंधन से तात्पर्य उन सभी प्रथाओं से है जिनका उपयोग शिक्षक सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए करते हैं। जिससे न केवल सीखने और व्यवहार में सुधार होता है वही समय का सदुपयोग व सकारात्मक वातावरण भी उत्पन्न होता है।

### दिव्यांगों को वितरित किए जाएंगे कृत्रिम उपकरण

**गोहाना।** गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम विशेष विद्यालय में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एएलआईएमसीओ) के सहयोग से दिव्यांग बच्चों में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरीत किए जाएंगे। शिविर 11 अप्रैल को प्रातः 9 बजे आयोजित होगा। शिक्षण संस्थान के एमडी विकास मलिक के अनुसार शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आवश्यक उपकरण प्रदान करना है ताकि उनकी गतिशीलता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। महत्वपूर्ण पहल के लिए आप अपने आसपास दिव्यांग बच्चों के माता-पिता व उनके अभिभावकों को सूचित करें और उन्हें शिविर में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

### स्किल हेल्थ केयर के विद्यार्थियों ने ली ट्रेनिंग

**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुज्जर से स्किल हेल्थ केयर के विद्यार्थियों ने एनसी मेडिकल कालेज, इसराना में चार दिवसीय आन जाब ट्रेनिंग पूरी की। इसमें स्वास्थ्य शिक्षिका शशिबाला, एबीआरसी कुसम, पीजीटी निकिता व वीटी ज्योति भी शामिल रही। संस्थान से कर्नल रामकुमार, दलबीर सिंह ढिल्लन ने विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल वर्क कर उपचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को रोगी के साथ व्यवहार करने, उसका ईलाज व उपकरणों के प्रयोग के बारे जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न भी पूछे व बच्चों के प्रश्नों का भी उत्तर दिया। समापन पर बच्चों को संस्थान की ओर से प्रमाण-पत्र भेंट किए गए।

### मीटिंग में जेआरसी कमेटी का गठन किया

**सोनीपत।** जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय जेआरसी कमेटी के गठन बारे एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना, जिला जेआरसी समन्वयक शशि मेहता के मार्गदर्शन में हुई। जिसमें सभी खंड शिक्षा अधिकारी विभिन्न स्कूलों से प्रिंसिपल ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, जेआरसी डीलिंग आनंद प्रकाश मौजूद रहे। मीटिंग में नई जिला जेआरसी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकीय और अराजकीय स्कूलों से नियुक्त किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन ने बताया कि 8 मई को सुचारू रूप से सभी स्कूलों में रेडक्रॉस डे मनाया जाएगा।

### मंदिर के बाहर शुरू की गई फ्री नाश्ते की सेवा



**सोनीपत।** दादा मोहनदास धाम स्थित शिव मंदिर के बाहर मंगलवार को सुबह के समय नाश्ता की फ्री सेवा शुरू की गई। धाम के महंत योगी विजयनाथ महाराज की अध्यक्षता में राहगीरों को चाय नाश्ता करवाया गया। विजयनाथ महाराज ने कहा कि भूखे को भोजन और प्यासे को पानी देने से भगवान शिव खुश होते हैं। इस मौके पर बाबा देवीनाथ, बाबा शम्भूनाथ, बाबा भगवान दास, सुनील बैरागी, संजय सरोहा आदि मौजूद रहे।

---

### अनाज मंडी पहुंचें मेयर, लिया गेहूं खरीद का जायजा

# लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए

**मार्केटिंग बोर्ड, भारतीय खाद्य निगम और हैफेड के अधिकारी भी रहे मौजूद, नमी भी जांची**

## जिले में अब तक कुल 11600 एमटी गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



अनाज मंडी में मेयर राजीव जैन अधिकारियों के साथ गेहूं का जायजा लेते हुए।

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने अनाज मंडी में पहुंचकर गेहूं खरीद का जायजा लिया और मार्केटिंग बोर्ड, भारतीय खाद्य निगम तथा हैफेड के अधिकारियों से खरीद एवं गेहूं के उठान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बेचने के लिए आयी गेंहू की ढेरी से मशीन लगवाकर नमी की जांच भी की। राजीव जैन ने मंगलवार को मंडी प्रधान पवन गोयल तथा व्यापार मार्केटिंग बोर्ड के पूर्व वाईस चेयरमैन संजय वर्मा के साथ खरीद व्यवस्था देखने के बाद व्यापारियों से बैठक कर समस्याएं सुनी। ढुलाई के ठेकेदार सतीश माथुर ने भारतीय खाद्य निगम के गोदाम के सामने सड़क पर डिवाइडर होने के कारण बड़े ट्रक मुड़ने की समस्या रखी, जिस पर राजीव जैन ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रशांत कौशिक से बात की और समस्या का समाधान करवाने के निर्देश दिए। आढ़तियों ने मंडी का जर्जर हो चूके एक नंबर शेड को नया बनवाने, मंडी में पीने के मीठे पानी की वयवस्था, टूटी हुई चारदीवारी बनवाने की मांग रखी, जिस पर राजीव जैन ने मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता नवनीत सैनी को फोन करके इन समस्याओं का समाधान करवाने के निर्देश दिए। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि सारे निर्माण कार्यों का 4 करोड़ 60 लाख रूपये का एस्टीमेट तैयार करके मुख्यालय भेजा हुआ है। राजीव जैन ने आगे बताया कि मार्केटिंग बोर्ड मीठे पानी कि सप्लाई के लिए नगर निगम में आवेदन भेज दे, पानी सप्लाई की सम्भावना बारे निगम अधिकारियों से चर्चा करके करवाया जायेगा। बैठक में प्रदीप बंसल, प्रवीण गोयल, रमेश जैन, महावीर जैन, पवन बंसल, टीनू कुच्छल, अशोक गुप्ता, वेदपाल, महेन्द्र रोहिल्ला, अशोक बंसल, संजय सहारा, अनुज गर्ग, मुकेश गुप्ता, विनोद गर्ग आदि सैंकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे। जिले में अब तक कुल 11600 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। गेहूं की खरीद निर्धारित एमएसपी मूल्य 2425 रूपये पर की जा रही है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के द्वारा 9485 मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ (हैफेड) की ओर से 2115 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने विभाग व खरीद एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को समय पर भुगतान किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदा गया गेहूं का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। किसानों की सुविधा के लिए अनाज मंडियों में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

#### 3753.47 मीट्रिक टन सरसों की हो चुकी खरीद

जिले में कुल 3753.47 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 3400.8 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद निर्धारित एमएसपी मूल्य 5950 पर की जा रही है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन (एचडब्ल्यूसी) और खरखौदा व सोनीपत तथा हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ (हैफेड) की ओर से गन्नौर तथा गोहाना की मण्डियों में सरसों खरीदी गई। मंडियों में खरीद की गई 3753.47 मीट्रिक टन सरसों में से गन्नौर मण्डी में 1005 मीट्रिक टन, गोहाना मण्डी में 640 मीट्रिक टन, खरखौदा में 1173.4 मीट्रिक टन तथा सोनीपत मण्डी में 935.07 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई है, जिसकी एचडब्ल्यूसी व हैफेड द्वारा खरीद की जा चुकी है।

---

# स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूक करने को मनाया जा रहा पोषण पखवाड़ा : नीलम

- पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाते डब्ल्यू सी डी पी ओ नीलम।

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाकर शुभारंभ किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सभी महिला सुपरवाइजर द्वारा कार्यक्रम में भाग लिया गया। डब्ल्यू सी डी पी ओ नीलम ने बताया कि खरखौदा ब्लॉक के सभी गांवों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। जिसका उद्देश्य गांव के लोगों को प्रारंभिक जीवन पोषण व स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूक करना है।

पोषण ट्रैकर पर लाभार्थी को इंद्राज कराने के बारे में बताना है। यह अभियान पोषण एक माता व बच्चों का एक समय में भोजन की व्यवस्था में बदलाव लाने की जरूरत है। जिसका प्रचार करने के लिए कार्यक्रम, बैठक, जागरूकता रैली व गृह भ्रमण करके किया जाएगा।



**गोहाना।** विद्यार्थियों को अधिनियम बारे जानकारी देते डॉ. चक्रवर्ती शर्मा।

### बाल विवाह अधिनियम-2006 बारे जानकारी दी

**गोहाना।** नागरिक अस्पताल गोहाना से नोडल अधिकारी डॉ. चक्रवर्ती शर्मा और उनकी टीम मंगलवार को आईटीआई गोहाना में पहुंची। टीम ने विद्यार्थियों को बाल विवाह अधिनियम-2006 बारे जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य अजय खोखर ने की। संयोजन अनुदेशक प्रवेश कुमार, ज्योति बाल्याण, गीता और लाइब्रेरियन संदीप का रहा। मुख्य वक्ता डॉ. चक्रवर्ती शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि लड़के की आयु 21 वर्ष और लड़की की आयु 18 वर्ष पूरी होने के उपरांत ही उनका विवाह करें। कम आयु में बच्चों की शादी करना उचित नहीं है। कम आयु में बच्चे न तो अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग होते हैं और उन ही उनका पूर्ण रूप से शारीरिक व मानसिक होता है।

### सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कौशल वृद्धि जरूरी : प्रो. सुदेश

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि में समाज कार्य विभाग द्वारा सामाजिक कार्य शिक्षकों के लिए सामाजिक सुरक्षा विषय पर मंगलवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश रहीं और अध्यक्षता विभाग की अध्यक्ष डा. मंजू पवार ने की। प्रो. सुदेश ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में ज्ञान और कौशल को बढ़ाना बहुत जरूरी है। इससे भविष्य के सामाजिक कार्यकर्ता इस महत्वपूर्ण विषय के बारे में अच्छी तरह से तैयार हो सकेंगे। उन्होंने भ्रूण हत्या, समाज में बढ़ रहे वृद्ध आश्रम के चलन एवं मादक पदार्थ की बुरी लत के प्रति सचेत किया। कुलपति ने समाज के प्रति कर्तव्य का अहसास दिलाते कहा कि यह हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि बिना संकोच के एक दूसरे की मदद को आगे आएं। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में आपसी सहयोग बढ़ाएं।

---

# शिविर में 160 बच्चों के दांत जांचे

## दांतों की देखभाल के लिए जरूरी जानकारी दी

- जंक फूड को छोड़ ताजे फल, सब्जी दूध का सेवन करने की हिदायत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** आयोजित कैंप में बच्चे व विभाग की चिकित्सक सहित स्कूल स्टाफ।

जिला दंत विभाग द्वारा शहर के निजी स्कूल में दंत जांच कैंप का आयोजन किया है। कैंप में दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ अन्य छात्र-छात्राओं के दांतों की जांच की। विभाग तैनात डा. अलका ने बताया कि आंगनबाड़ियों, सरकारी स्कूलों, ओपीडी व मेटरनिटी वार्ड में मरीजों के दांतों की जांच कर उन्हें दांतों की देखभाल के लिए जरूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिन में दो बार ब्रश करना जरूरी है। नई जच्चा बच्चा, छोटे बच्चे व वृद्ध लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। स्कूलों में डेंटल क्विज़ एवं पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन कर बच्चों को पुरस्कृत कर उनको प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही जंक फूड को छोड़ ताजे फल, सब्जी, दूध का सेवन करने की हिदायत दी। मंगलवार को भी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों सहित अन्य बच्चों के मुख की जांच की गई।

---

# विधायक कार्यालय के बाहर ठेका सफाई कर्मियों का आंदोलन 16वें दिन भी जारी

- न्याय की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से बैठे कर्मचारी, वेतन और बहाली की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** विधायक कार्यालय के बाहर रोष जताते सफाई कर्मचारी।

विधायक निखिल मदान के कार्यालय के बाहर ठेका सफाई कर्मचारियों का धरना लगातार 16वें दिन भी शांतिपूर्वक जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की जबकि संचालन नवीन चांवरिया ने किया। कर्मचारियों ने नगर निगम प्रशासन और पीसीसी कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 12 महीनों से केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। धरने पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि बकाया एरियर की मांग करने पर कंपनी द्वारा कई कर्मचारियों को बिना किसी कारण नौकरी से निकाल दिया गया। न तो समय पर वेतन दिया जा रहा है और न ही सफाई के लिए जरूरी औजार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। धरनारत कर्मचारियों ने मांग की कि हटाए गए साथियों को 12 महीने का वेतन देकर पुनः बहाल किया जाए और पीएफ, ईएसआई और वेलफेयर फंड में करोड़ों रुपये की कटौतियों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। मौके पर उपप्रधान दीपक, कोषाध्यक्ष पवन, अमित टॉक, देवराज टॉक, सनी, विजय, राहुल व रंजीत सहित कई नेताओं ने कर्मचारियों को संबोधित किया और संघर्ष को मजबूती देने की बात कही। कर्मचारियों ने विधायक और निगम मेयर से जल्द न्याय की मांग की है।

---



गोहाना। मंगल पांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

### भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत थे मंगल पांडे : शर्मा

गोहाना। सेक्टर 7 गोहाना स्थित भगवान परशुराम आश्रम में क्रांतिवीर मंगल पांडे को उनके 168वें बलिदान दिवस याद किया गया। समारोह में नागरिकों ने मंगल पांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आश्रम के संचालक सुभाष शर्मा ने कहा कि भारत की आजादी के लिए 1857 के पहले आंदोलन का श्रेय अमर शहीद मंगल पांडे को जाता है। अंग्रेजों को डर था कि मंगल पांडे ने विद्रोह की जो चिंगारी जलाई है वह देश भर में ज्वाला न बन जाए। इसलिए तय तारीख से 10 दिन पहले ही 8 अप्रैल 1857 को मंगल पांडे को फांसी दे दी गई। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा कि मंगल पांडे की फांसी के बाद मेरठ समेत देश के तमाम जगहों पर सिपाहियों ने विद्रोह कर दिया और धीरे-धीरे यही चिंगारी पूरे देश में स्वतंत्रता आंदोलन की वह आग बनी जिसे अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों को हिला कर रख दिया। समारोह में मदनलाल अत्री, राजेंद्र पांचाल, मास्टर रामनिवास, मास्टर ढीगराम शर्मा, रोहित, दीपक, मनोज, आशु, साहब सिंह, अनिल शर्मा, प्रभु दयाल, राहुल शर्मा व संदीप शर्मा मौजूद रहे।

---

# दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन

- सिंधु सभ्यता से लेकर मृत भांड और मूर्ति कला तक की जानकारी हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ उपस्थित विभाग की सुपरवाइज एवं अन्य।

स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में हरियाणा पुरातत्व स्थलों से संबंधित जानकारी सरकारी स्कूलों के बच्चों को देने के मक़सद को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी के सदस्य सचिव राजेश खत्री द्वारा किया गया। प्रथम दिवस पर चंडीगढ़ से पहुंची पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा की सुपरवाइजर सुरुचिका चावला ने संबोधित किया और बच्चों को मिट्टी के मटकों पर पेंटिग करना सिखाया। स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय और पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा के सांझा कार्यक्रम के तहत यह कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें प्रथम दिन सरकारी स्कूलों के 6 से 8 कक्षा तक के 25 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा की सुपरवाइजर सुरुचिका चावला ने बताया कि हज़ारों साल पहले मिट्टी के बर्तनों का उपयोग किया जाता था। उस दौरान फूलों और वृक्ष की पत्तियों का इस्तेमाल कर रंग बनाए जाते थे जिनसे मिट्टी के बर्तनों के ऊपर रंग चढ़कर उनको सुंदर रूप भी दिया जाता था। इस दौरान उन्होंने हरियाणा भर में जमीन की खुदाईयों से निकली मूर्तियों के बारे में भी जानकारी दी।

---



**सोनीपत।** प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### पर्सनेलिटी विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा पर्सनैलिटी विषय पर एक विशेष सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया गया। इस कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं की गहराई से समझ देना तथा उनके व्यक्तिगत विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को व्यक्तित्व में अंतर तथा मानव स्वभाव की प्रकृति से संबंधित विषयों पर रोजाना जानकारी प्रदान की गई। इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से यह समझाया गया कि किस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति दूसरे से अलग होता है और ये भिन्नताएं समाज में किस प्रकार की भूमिका निभाती हैं। इस कोर्स ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और आत्मबोध को प्रबल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सर्टिफिकेट कोर्स में मनोविज्ञान विभाग की एमए फाइनल वर्ष की छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कोर्स पूर्ण होने पर महाविद्यालय की प्राचार्य गीता ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

---

**कार्यक्रम** डीक्रस्ट मुरथल में केंद्रीय उपकरण प्रयोगशाला में ज़ेटा पोटेंशियल व पार्टिकल साइज एनालाइजर का उद्घाटन

# लाइटसाइजर डीएलएस उपकरण की खरीद से शोध में आएगी गुणवत्ता : प्रो. श्रीप्रकाश

**एनालाइजर के उपयोग और अनुप्रयोगों के बारे में विस्तार से बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** प्रयोगशाला में उद्घाटन करते हुए कुलपति साथ में अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि विवि का फोकस गुणवत्ता परक शोध पर है। शोधार्थी को नवीनतम तकनीक की जानकारी हो, इसलिए विवि ने लाइटसाइज़र डीएलएस उपकरण को खरीदा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से ही देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। डीसीआरयूएसटी, मुरथल में केंद्रीय उपकरण प्रयोगशाला में ज़ेटा पोटेंशियल और पार्टिकल साइज एनालाइजर उद्घाटन कुलपति प्रो. सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि लाइटसाइज़र डीएलएस उपकरण की खरीद विश्वविद्यालय के अनुसंधान और शैक्षणिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण प्रगति लाएगा। सीआईएल, डायरेक्टर प्रो. एसके ग्रेवाल ने कहा कि यह उपकरण विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन होगा। यह उन्हें अपने शोध कार्य में अधिक सटीकता और दक्षता प्राप्त करने में मदद करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. ऋषि गुप्ता ने प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया और शोध छात्रों को ज़ेटा पोटेंशियल और पार्टिकल साइज एनालाइजर के उपयोग और अनुप्रयोगों के बारे में विस्तार से बताया। सीआईएल के निदेशक प्रो. एसके ग्रेवाल तथा उप निदेशक. डा. सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

---




**सोनीपत।** हवन यज्ञ के दौरान उपस्थित स्कूल पदाधिकारी, स्टाफ एवं विद्यार्थी।

### हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एस-7), सोनीपत में नव शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक हवन के साथ किया गया। मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री, निर्देशक दीपक, प्राचार्या डॉ. मधु शर्मा, प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा सहित समस्त शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यज्ञ का विधिवत संचालन आचार्य हरिचंद ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। छात्रों को ज्ञान का दीपक सदैव प्रज्वलित रखने की प्रेरणा दी। मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री ने हवन की महत्ता बताते हुए कहा कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत ईश्वर की आराधना से करना हमारी सनातन परंपरा है। अंतिम आहुति के बाद आरती व प्रसाद वितरण हुआ। प्राचार्य व प्रबंधन समिति ने कक्षाओं का अवलोकन किया और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरित किया। सभी कक्षाओं में पढ़ाई शुरू हुई। प्राचार्या डॉ. मधु एवं मुख्याध्यापिका रीटा ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट जीवन की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप



### बिजली संकट से जूझ रहे हैं पिपली के उपभोक्ता

**खरखौदा।** पिपली गांव में बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने बिजली विभाग के सैदपुर स्थित कार्यालय में एसडीओ को शिकायत देकर समस्या को दूर करने की गुहार लगाई है। शिकायत के माध्यम से ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बिजली की सप्लाई वाया गोपालपुर गांव की तरफ से की जाती है। जबकि लगभग 8 महीने से बिजली विभाग द्वारा पाई नहर से दिल्ली मार्ग के साथ साथ बिजली लाइन को बिछा दिया गया था, लेकिन इस लाइन की सप्लाई को चालू नहीं किया गया है। इसलिए इस लाइन को चालू कराकर समस्या का समाधान किया जाए। गांव में शेड्यूल के हिसाब से बिजली आपूर्ति नहीं दी जा रही है। दिन व रात को लगातार कट लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा जब विभाग से पता किया जाता है तो उन्हें बताया जाता है कि परमिट लिया गया है। इसलिए गांव को शेड्यूल के हिसाब से बिजली की आपूर्ति दी जाए। गांव में सभी घरों से विभाग द्वारा बिजली मीटर बाहर लगा दिए गए हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों को उज्ज्वला योजना के तहत 22 घंटे बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

### सोमवार और वीरवार को लगेंगे समाधान शिविर

**खरखौदा।** हरियाणा सरकार ने समाधान शिविर को लेकर नए आदेश जारी किए गए हैं। अब यह शिविर हर दिन की बजाय सप्ताह में दो दिन, सोमवार और वीरवार को लगेगा। इसमें सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे और मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। उपमंडल अधिकारी डॉ. निर्मल नागर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को भी समाधान शिविर लगाया गया। इसमें आई सभी समस्याओं को शिविर के तहत मौके पर समाधान कराया गया।एसडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अब केवल सोमवार और वीरवार को ही समाधान शिविर लगाया जाएगा।

## मेडिकल करवाने आई युवती सीएमओ के सामने फूट-फूट कर रोई

# युवती का आरोप भीड़ के चलते छेड़छाड़, अधिकारी ने तुरंत निरीक्षण कर वेतन काटने का दिया आदेश

### ओपीडी में तैनात कर्मचारियों को आमजन के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में नौकरी के लिए मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने आई युवती के साथ छेड़छाड़ व भीड़ में अभद्रता करने का मामला सामने आया है। युवती परेशान होकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में पहुंची। जानकारी मिली है कि युवती व्यवस्था को लेकर रोने लगी। जिला अधिकारी अपने काम छोड़कर युवती के साथ ओपीडी में औचक निरीक्षण करने पहुंची। जहां एक कर्मचारी किसी का मेडिकल कराते हुए पाया गया तो ओपीडी में पट्टी कक्ष में तैनात कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिली। अधिकारी की तरफ से माली को चेतावनी देकर व डयूटी से नदारद मिली। कर्मचारी की एक दिन का वेतन व कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारी ने दिए है।

बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में हर रोज दो हजार के करीब ओपीडी रजिस्ट्रेशन होता है। साथ ही हथियार, लाइसेंस, कॉलेज व स्कूलों सहित सरकारी नौकरी पर लगने वाले अभ्यार्थी मेडिकल जांच करवाने के लिए पहुंचते है। जानकारी मिली कि एक युवती ओपीडी में भीड़ से परेशान होकर व अभद्रता के चलते जिला स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर रोने लगी।





**सोनीपत।** सूचना के बाद ओपीडी में पहुंची जिला स्वास्थ्य अधिकारी निरीक्षण करते हुए और ममता, मरीज के साथ आई महिला। फोटो : हरिभूमि

#### कारण बताओ नोटिस जारी

युवती को रोती देख जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना, डा. गिन्नी लांबा, डा. सुभाष गहलावत व जसबीर के साथ ओपीडी में औचक निरीक्षण करने पहुंच गई। निरीक्षण के दौरान कमरा नंबर-6 पट्टी कक्ष में तैनात कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर हाजिर नहीं मिली। अधिकारी ने कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटने व कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही ओपीडी में माली एक अभ्यार्थी का मेडिकल करवाते हुए पाया गया। उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। ओपीडी में निरीक्षण के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी व प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. ज्योत्सना के सामने एक लिवान निवासी महिला ममता ने आपबीती बताई। महिला ने बताया कि वह अपनी सांस को लेकर काफी दिनों से अस्पताल में आ रही है।

रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्ची के लिए जाती है, तो उसे जानकारी मिलती है कि चिकित्सक ने पर्ची बनाने से मना किया है। घंटों लाइन में लगने के बाद मरीज को चिकित्सक के न होने की जानकारी मिल पाती है। साथ ही चिकित्सक अपनी मर्जी से पर्ची बनाने व बंद करवाने के निर्देश कर्मचारियों को देते है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतने पर पड़ रहा है।

#### विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

मेडिकल करवाने आई युवती कार्यालय में पहुंची थी। उसकी परेशानी को देखते हुए तुरंत ओपीडी में जाकर उसकी समस्या को दूर करवाया गया। किसी मरीज के साथ अभद्रता किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही कर्मचारियों को आमजन के प्रति अच्छा व सम्मान जनक व्यवहार करने के निर्देश दिए है लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी की शिकायत मिलने पर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

-**डा. ज्योत्सना,** जिला एवं प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल

## सकारात्मक जीवनशैली के कारण व्यक्ति व संस्थान का होता है उत्थान : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

डॉ. बीआर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने सभी छात्रों, शिक्षकों एवं गैर शिक्षकों के समक्ष जीवन कौशल व्याख्यान किया। कुलपति अशोक ने कहा कि सकारात्मक सोच के माध्यम से व्यक्ति का विकास होता है और नकारात्मक सोच के कारण वह विनाश को प्राप्त करता है। ज्ञानेंद्रियों के द्वारा व्यक्ति को वातावरण से तरह-तरह के विचार मिलते हैं और इन विचारों पर सोचकर वह निश्चय करता है कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

कभी-कभी इन विचारों पर सोचते-सोचते वह इतना उलझ जाता है कि उसको पता ही नहीं चल पाता कि क्या सही है या गलत है। जैसा कि महाभारत युद्ध में अर्जुन के साथ हुआ। यदि आप लक्ष्यों के प्रति ध्यान केंद्रित रखते है तो सफलता एक दिन आपके कदमों पर होगी। कुलपति अशोक कुमार ने विधि विवि के छात्र स्पर्श गोयल, संचिता जिंदल और नेहा दहिया को प्रथम आने पर बधाई दी।



**राई।** सभागार में उपस्थित छात्रों को सकारात्मक जीवनशैली के बारे में व्याख्यान देते कुलपति अशोक कुमार। फोटो : हरिभूमि

## बिना अनुमति होर्डिंग लगाया तो भरना होगा जुर्माना, नगरपालिका ने दिया टेंडर

**गन्नौर।** शहर में अब कही भी मनचाही जगह पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग लगाया तो नगरपालिका उस पर जुर्माना लगाएगी। जगह- जगह पर शहर में होर्डिंग लगाने वालों की मनामानी पर रोक लगाने के लिए नगरपालिका ने एक एंजेसी को टैंडर दिया है और एजेंसी द्वारा होर्डिंग लगाने के लिए शहर में जगह भी चयनित कर दी है। अब होर्डिंग लगाने से पहले ठेकेदार के पास पैमेंट जमा करानी पड़ेगी और उसके बाद चयनित जगह पर होर्डिंग लगेगा।

हालात ये है कि अब शहर की सड़कें और मुख्य चौराहे अवैध पोस्टरों से अटे पड़े हैं। नियम के अनुसार शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाने के लिए विज्ञापन का ठेका लेने वाली एजेंसी से अनुमति लेनी होती है। हालांकि फिलहाल जहां अवैध पोस्टर लगाए हुए हैं, वहां नगरपालिका की तरफ खानापूर्ति की कार्रवाई की जाती है। नपा की तरफ से शहर की चयनित विज्ञापन साइटों के लिए एजेंसी को ठेका दे दिया है। इसे नगरपालिका की आमदनी में बढोतरी होगी। वहीं टेंडर की शर्तो के अनुसार अगर एजेंसी से बिना अनुमति लिए पोस्टर लगवाए जाते हैं, तो एजेंसी संबंधित व्यक्ति पर एफआइआर भी दर्ज करवाएगी।

## सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में 11 संकल्पों की अनुपालना पर दिया जोर : गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में भाजपा के जिला कार्यालय में राई हलके के सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 संकल्पों की जानकारी देते हुए उनकी अनुपालना पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 11 संकल्प लिए हैं, जिनमें कर्त्तव्य पालन, समावेशी विकास, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस, कानून के शासन का सम्मान, औपनिवेशिक की मानसिकता से मुक्ति, वंशवादी राजनीति का अंत, संविधान का सम्मान, आरक्षण की सुरक्षा, महिलाओं के नेतृत्व में विकास तथा राज्य केंद्रित विकास और एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प शामिल है।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत व माईराम कौशिक को पुष्प गुच्छ देकर सम्मान करते जिलाध्यक्ष।

## संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ें : बिजेन्द्र



**गोहाना।** बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान के गोहाना स्तिथ कार्यालय में रविवार को पार्टी के सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से पार्टी के साथ नए कर्मठ कार्यकर्ता जोडने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला गोहाना अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि कर्मठ कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी के साथ जोड़ें। प्रदीप सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भलेराम नरवाल ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अनुशासन में रह कर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, ओमवीर वत्स, डॉ. राममेहर राठी, राजेश शर्मा, सूरत सिंह, सुमित कक्कड़, मोहित बाल्मीकि व अमित बाल्मिकी मौजूद रहे।

## सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक योजना स्पर्धा में काजल और मुस्कान रही प्रथम

**खरखौदा।** शहर के कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक योजना के नाम से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं में उद्यमिता तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में बीकॉम तथा एमकॉम की 15 छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने चार्ट व पीपीटी के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक योजनाएं जिसमें बेकरी दुकान, ट्यूटरिंग, कपड़े का रिटेल व्यापार, रेस्टोरेंट, लाइब्रेरी खोलना, कंप्यूटर सेंटर, ऑनलाइन हैंडीक्राफ्ट की मार्केटिंग की जानकारी दी गई। प्रतियोगिता का आयोजन वाणिज्य विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नमिता तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनीता ने किया। प्राचार्या डॉ प्रमिला ने सभी प्राध्यापिकाओं तथा छात्राओं के कार्य को सराहना करते हुए कहा कि स्वरोजगार स्थापित करना हमारे देश की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसे हमें अंतिम ऑप्शन ना लेकर प्रथम ऑप्शन के रूप में रखना चाहिए।



## खाद, कीटनाशक और बीज विक्रेताओं ने हड़ताल शुरू की

**गोहाना।** राज्य सरकार द्वारा बीज और कीटनाशक एक्ट में किए बदलाव के विरोध में गोहाना में खाद, कीटनाशक व बीज भंडार संचालकों ने सोमवार को हड़ताल शुरू कर दी। संचालकों ने कहा कि सरकार ने जो व्यवस्था की है उससे वे अनावश्यक कार्रवाई में उलझे रहेंगे और भय में रहकर ठीक से काम नहीं कर पाएंगे। संचालकों ने अपनी दुकानों को सात दिन तक बंद करने का निर्णय लिया और सरकार ने नए नियमों को वापस लेने की मांग की। संदीप अहलावत ने कहा कि सरकार ने जो सीड्स एंड पेस्टीसाइड एक्ट 2025 बनाया है वह खाद, कीटनाशक व दवा विक्रेताओं की कमर तोड़ देगा। एक्ट में संशोधन उत्पादकों और डीलरों के खिलाफ हैं। इन परिस्थितियों में डीलर काम करने की स्थिति में नहीं हैं।

## आज से समाप्त हो जाएगा चीनी मिल का पिराई सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के कामी गांव सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल के पेराई सत्र पर गर्मी का असर दिखाई देने लगा है। साथ ही क्षेत्र में गन्ना समाप्त हो चुका है। मिल प्रबंधन की तरफ से किसानों को मंगलवार रात तक गन्ना लाने के निर्देश जारी किए गया थे। बुधवार को इस वर्ष के पेराई सत्र की समाप्ति की घोषणा कर दी जायेगी। प्रबंधन की तरफ से किसानों को सारा गन्ना लेने के प्रयास किए गए है। बता दें कि प्रदेश में जींद, आहुलाना सहित कई चीनी मिलों में वर्ष 2025-26 का पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। सोनीपत चीनी मिल में अभी गन्ना अधिक शेष रहने की वजह से पेराई का काम चल रहा था। मिल प्रबंधन ने 28 मार्च को पेराई सत्र समाप्त होने का पहला नोटिस जारी किया था।

#### 25 लाख 91 हजार क्विंटल की पिराई

चीनी मिल कारखाने में अब तक 25 लाख 91 हजार क्विंटल से ज्यादा गन्ने की पेराई हो चुकी है। गर्मी के चलते दो दिन से थोड़ी परेशानी सामने आई है। जिसके चलते पेराई सत्र को कम रफ्तार से चलाया जा रहा है। आसपास के जिले व क्षेत्र में चीनी मिलो का पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। मंगलवार देर रात तक किसानों से गन्ना लाने की अपील की गई थी। यार्ड में जमा गन्ने की पेराई होने के बाद सत्र की समाप्ति हो जायेगी। साथ ही अब किसी का गन्ना नहीं लिया जायेगा। किसानों ने कर्मचारियों ने पेराई सत्र को चलाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। जोकि काबिले तारीफ है।

-**अमित कुमार,** महा प्रबंधक चीनी मिल सोनीपत

## हिस्ट्रीशीटर दीपक गुहणा हत्याकांड में एक और आरोपित को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर ढाबे के बाहर हिस्ट्रीशीटर दीपक गुहणा की हत्या व उसके दोस्त मंदीप पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गौरव उर्फ गौरा निवासी इंद्रा कॉलोनी गन्नौर हाल में बलजीत नगर दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एयर इंडिया में पायलट पंजाब के जालंधर स्थित गांव दकोहा निवासी प्रीत कमल सिंह ने 27 फरवरी को बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया था कि गांव मुरथल निवासी कपिल आंतिल उनके दोस्त हैं। कपिल ने उनको एक मोबाइल नंबर भेजा था। जब वह दिल्ली के महिपालपुर में थे तो उन्होंने उस नंबर पर कॉल की थी। जिसके बाद बातचीत करने वाले युवक ने उन्हें दिल्ली में ही पीतमपुरा के पास बुलाया था। जब वह उनके पास पहुंचे तो कार में गांव गुहणा निवासी दीपक उर्फ भांजा व कपिल का चचेरा भाई मंदीप मिले थे।

दिल्ली से चलकर वह कुमासपुर के पास वीर ढाबा के बाहर रुके थे। वहां पर 3-4 युवक कार में आए थे और दीपक पर गोलियां बरसा दी थी। उसकी 14 गोली मारकर हत्या की थी। मंदीप को भी गर्दन में गोली लगी थी। एक आरोपित बोल रहा था कि राहुल भुर्री अपना काम पूरा करता है। पुलिस ने उनके बयान पर राहुल भूरी समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले की जांच एसएयूजी को सौंपी गई थी। एसएयूजी प्रभारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ की टीम ने मामले से पर्दा उठा दिया है। मामले में पुलिस ने बड़वासनी गांव के पास से राकेश उर्फ फौजी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित ने कबूल किया है कि उसने राकेश उर्फ पंपू से दोस्ती में दीपक उर्फ भांजा की हत्या की थी। दीपक उर्फ भांजा ने राकेश उर्फ पम्पू के जीजा गांव शाहपुर तुर्क निवासी प्रॉपर्टी डीलर विनोद उर्फ धोला की 10 मार्च, 2014 को गोली मारकर हत्या की थी। जिसका बदला लेने को वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया था।



## सरकारी विद्यालयों में दाखिले बढ़ाने को लेकर शिक्षकों की बैठक आयोजित

**सोनीपत।** खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत मंजू गर्ग के मार्गदर्शन में सीआरसी भटगांव के अंतर्गत आने वाले 11 राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025 के लिए विद्यार्थियों के दाखिलों में वृद्धि को लेकर रणनीति तैयार करना रहा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वयं विद्यालय का निरीक्षण किया और शिक्षकों से रूबरू होते हुए प्रत्येक विद्यालय में दाखिले बढ़ाने हेतु अपनाई जा रही रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी विद्यालय प्रमुखों को विभाग द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी अभिभावकों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, मिड-डे मील, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें व यूनिफॉर्म जैसी सुविधाएं पहले से ही उपलब्ध हैं, जिन्हें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना जरूरी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

PARAS CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
Paras CA Foundation RESULT 80% to 90%
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
Admission OPEN FOR CA Foundation Sept. 25
350 DRISHTI
344 MANAN
339 DARSHIL
Batches Start 8th April 25
Book your seat now
Near City Mall, Sonipat
Call : 9149112716
7015755714

शोक संदेश



स्व. श्री बलजीत सिंह चौहान
आपको बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री बलजीत सिंह चौहान अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 29.03.2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि एवं रस्म पगड़ी दिनांक 10.04.2025 वीरवार को हमारे निवास स्थान 344/19, न्यू पंचम नगर, सोनीपत, हरियाणा में होगी।
कार्यक्रम
हवन : सुबह 8 बजे
प्रसाद ग्रहण : सुबह 11 बजे
पगड़ी रस्म : दोपहर 2 बजे
समस्त शोकाकुल परिवार
सम्पर्क सूत्र : 9996923238, 7497840648